# Mahavir International, Vadodara
# Mahavir Foundation Trust

---

## Recent Activity Report: COVID Relief Initiative

### महावीर इंटरनेशनल, वडोदरा की,

लॉक डाउन में भूमिका...
*********

**आज जब समग्र विश्व में कोरोना-19 वायरस से हाहाकार मचा हुआ है। पूरा देश लॉक डाउन की वजह से घरों में बंद है। लोगों को अपनी दैनिक जरूरतों को भी पूरा करने के लिए आमदनी के साधन उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे समय में सदा की भांति लॉकडाउन के बीच बेबस, लाचार, असहाय, गरीब लोगों की सहायता के लिए महावीर इंटरनेशनल, वडोदरा केंद्र अपने सभी सहयोगी दाताओं, स्वयंसेवक संस्थाओं एवं स्वयंसेवकों के साथ जरूरतमंदों की सहायता के लिए लाॅकडाउन के पहले वाले दिन से ही कार्यरत है। खासतौर पर आर्थिक रूप से कमजोर और बे-घरों को होने वाली परेशानी को देखते हुए राशन (आटा, चावल, दाल, तेल, मसाले, चाय-शक्कर, साबुन इत्यादि खाद्य और अन्य रोजमर्रा की सामग्री) उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया गया।**

**डाॅ बी सी जैन साहब के नैतृत्व में संस्था ने सबसे पहले संस्था से जुड़े 534 आशा दीप, 84 ADMS एवं 154 कायाकल्प के बच्चों एवं उनके परिवारों के साथ-साथ संस्था से संलग्न सभी छात्र-छात्राओं के लिए मदद पहुंचाने का निर्णय लिया। इसी के तहत प्रथम इन योजनाओं से जुड़े सभी जरूरतमंदों को राशन पहुंचाया एवं अन्य जरूरतों को पूरा किया गया। साथ-साथ उन परिवारों को यह भी निर्देश दिए गए कि कभी भी, कुछ भी जरुरत हो तो, कोई भी उनकों बताये गये नंबर पर हमसे बे-झिझक संपर्क कर सकता है।ताकि उनकी समस्या का निवारण ला सकें, जिससे उन्हें किसी भी मुसीबत का सामना न करना पड़े। हमारी सभी अध्यापिकाएं एवं अध्यापकगण भी पूरी निष्ठा से इस कार्य के लिए सहयोग कर रहे हैं।**
**अभी तक किये गये कार्य या जो अभी भी कार्यरत हैं, उनका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है...**










**1. लगभग 1450 परिवारों को 15 दिनों का राशन प्रदान किया गया।**
**2. 1400 फ्रूट पैकेट्स COVID-19 योद्धाओं को उपलब्ध कराये।**
**3. 1700 फेसमास्क एवं हाथ के दस्ताने COVID-19 कार्य-कर्ताओं को दिये गये।**
**4. नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे से पैदल ही सैकड़ों मजदूर अपने-अपने घर के लिए निकल गए थे। पैसे के अभाव के कारण उन लोगों पर कोरोना की कहर से ज्यादा भूख की मार पड़ रही थी।ऐसे हजारों लोगों को भोजन एवं पानी उपलब्ध कराया गया।**
**5. कर्मठ सदस्य श्री शार्दुल पटेल के सहयोग से शहर में दो स्थानों पर खाना बनवाकर लगभग 5000 व्यक्तियों को भोजन उपलब्ध कराया गया।**
**6. हमारे वरिष्ठ सदस्य श्री जयंति भाई पंचाल के सहयोग से आज भी प्रतिदिन 400-450 व्यक्तियों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।**
**7. लाॅक डाउन सहायता के तहत अभी तक लगभग ₹13, 50,000/- का खर्च हो चुका है।**

हमारे सभी सदस्यों , दाताओं , शुभचिंतकों , स्वयंसेवकों एवं अध्यापकगणों का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं, जिनके सहयोग के बिना यह सब कुछ संभव नहीं हो सकता था।